कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.05.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में
'एविएशन में कॅरियर' पर सेमीनार

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के द्वारा एविएशन के क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार के अवसर को ध्यान में रखते हुए सेमीनार का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ0 निसरीन हुसैन ने बताया कि एविएशन इंडस्ट्री में पायलट, एयर होस्टेज, ग्राऊंड स्टॉफ जैसे कई क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मिलते हैं। वास्तव में एविएशन आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान करता है और यह एक अच्छा कॅरियर विकल्प है।

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा जिसमें संस्था के मास्टर ट्रेनर श्री सिद्धार्थ ने विमानन प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न सर्टीफिकेट, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की जानकारी दी, वहीं ग्राऊंड स्टॉफ के विभिन्न पदो के लिए संभावित अवसरों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।

प्रशिक्षण संस्था के श्री अशु कुमार ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए पढ़ाई के साथ–साथ रोजगार के विभिन्न अवसरों पर ध्यान देते हुए प्रारंभिक तैयारियों को बहुत ही सरल ढंग से बताया।

विमानन इंडस्ट्री के लिए बी0 बी0 ए0, बी0 एस–सी0 जैसे डिग्री कोर्स संचालित होते हैं। वहीं केविन क्रू का 11 माह का सर्टीफिकेट कोर्स है जो पूरी तरह से सामान्य विषयों जैसे विमान से परिचित होना, भोजन एवं खानपान सेवा, उड़ान मूल्यांकन, प्राथमिक चिकित्सा, अंतर विभाग समन्वय, आपातकालीन स्थिति से निपटने आदि की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि एविएशन के क्षेत्र में जितना विकास और विस्तार हो रहा है उससे इस कैरियर के विकल्प में चुना जा सकता है क्योंकि इसमें रोजगार की संभावनाए ज्यादा है।

इस अवसर पर छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर प्रशिक्षकों ने दिए। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College, Durg (C.G.)
Career Guidance
&